वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 235 शनिवार 23 दिसम्बर 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## एसएमएस में पांच मरीज हुए संक्रमित, एक ही वार्ड में मिले तीन

**जयपुर. कासं**

राजधानी में लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। सवाईमानसिंह अस्पताल में पांच नए मामले मिले हैं। जिनमें से तीन सीटी वार्ड में भर्ती हैं। यह पाली, जयपुर और झुंझुनूं निवासी हैं। अस्पताल के वनएबी और इमरजेंसी मेडिसिन वार्ड में भी एक-एक संक्रमित की पुष्टि हुई है। इनमें एक अलवर और दूसरा जयपुर निवासी है। ये सभी सर्जरी के लिए भर्ती हुए थे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी बुलेटिन में छह नए मरीजों की पुष्टि की गई है। जिनमें 3 जयपुर सहित एक-एक अलवर, धौलपुर और जोधपुर जिले का है। जेके लोन अस्पताल में भरतपुर निवासी आठ वर्षीय बालक कोरोना संक्रमित पाया गया है। निमोनिया ग्रस्त होने पर उसे 19 दिसम्बर को आईसीयू में भर्ती किया गया था।

# कोविड-19 के नए वेरिएंट ने उड़ाए नई सरकार के होश, सीएम ने कहा सतर्क रहें

**जयपुर. कासं**



कोविड-19 के नए वेरिएंट ने राजस्थान में एंट्री कर दी है। जिस तरह से इसका पूरे विश्व में प्रसार हो रहा है, उसने राजस्थान की नई सरकार के होश उड़ा दिए हैं। यह देख सीएम भजन लाल शर्मा ने इस नए वेरिएंट को लेकर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए है। सीएम शर्मा शुक्रवार को सीएमओ में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोविड-19 के नए वेरिएंट को लेकर पूरी तरह सतर्कता बरती जाए और पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन बेड और दवाईयां की समुचित व्यवस्था करें। सीएम ने विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ने के निर्देश दिए। ताकि उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके।वहीं इन शिविरों में डॉक्टर्स एवं अन्य चिकित्सा स्टाफ की अतिरिक्त व्यवस्था करने के लिए भी अधिकारियों को कहा। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन के साथ संवेदनशीलता के साथ व्यवहार किया जाए और उनसे संबंधित कार्यों को तत्परता से पूरा किया जाए।

### इन पर भी चर्चा

बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान किए जाने वाले कार्यों जैसे राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर सहित विभिन्न योजनाओं के संबंध में भी चर्चा की गई।

# सरकार ने सभी नए टेंडर, वर्क ऑर्डर्स पर रोक लगाई: पहले से मंजूर कार्य भी नहीं होंगे शुरू; सभी नए काम होल्ड

**वित्त विभाग की नई गाइडलाइन के मुताबिक जिन कामों के टेंडर नहीं निकाले हैं। उन्हें अगले आदेशों तक नहीं निकालने के आदेश दिए हैं। जिन कामों के टेंडर निकालने के बाद वर्क ऑर्डर जारी नहीं हुए हैं, उन पर आगे कोई एक्शन नहीं होगा। वर्क ऑर्डर पर भी रोक रहेगी।**

**जयपुर. कासं**

सरकार ने प्रदेशभर में टेंडर निकालने से लेकर नए काम शुरू करने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। जिन कामों के टेंडर प्रोसेस में हैं, उन्हें भी रोक दिया है। पहले से मंजूर कामों को आगे बढ़ाने पर भी रोक रहेगी। वित्त विभाग ने नए टेंडरों, वर्क ऑर्डर और नए कामों को शुरू करने पर रोक से जुड़े आदेश जारी किए हैं। वित्त विभाग की नई गाइडलाइन के मुताबिक जिन कामों के टेंडर नहीं निकाले हैं। उन्हें अगले आदेशों तक नहीं निकालने के आदेश दिए हैं। जिन कामों के टेंडर निकालने के बाद वर्क ऑर्डर जारी नहीं हुए हैं, उन पर आगे कोई एक्शन नहीं होगा। वर्क ऑर्डर पर भी रोक रहेगी। टेंडर और वर्क ऑर्डर के बाद जो काम शुरू नहीं हुए हैं, उन पर रोक लगा दी है। वित्त



विभाग के रोक हटाने के बाद ही नए काम शुरू हो सकेंगे। सरकारी विभाग कोई भी सामग्री या प्राइवेट सेवाएं लेते हैं, उनके वर्क ऑर्डर भी सस्पेंड रहेंगे। सरकारी विभागों में आउटसोर्स काम के नए ऑर्डर भी नहीं कर सकेंगे। पहले से जारी प्रशासनिक और वित्तीय मंजूरी की हालत में भी काम होल्ड पर रहेंगे। इस तरह की मंजूरी के लिए अब मुख्यमंत्री के पास फाइल भेजनी होगी। सभी विभागों को प्रशासनिक वित्तीय मंजूरियों के लिए पहले पूरा मामला मुख्यमंत्री के ध्यान में लाना होगा। इसके बाद ही नए काम और टेंडर पर फैसला होगा।

### सभी विभागों में नए काम होल्ड पर रखने से चर्चाएं

वित्त विभाग के ताजा आदेशों के बाद अब प्रदेश में सभी विभागों में नए काम रुक जाएंगे। सरकार का यह आदेश चर्चा का मुद्दा बन गया है। आम तौर पर पुरानी सरकार के आखिरी छह महीनों की समीक्षा के लिए सरकार कमेटी बनाती है, उसके बाद काम रोके जाते हैं। इस बार पुरानी सरकार के आखिरी छह महीने की समीक्षा के लिए कमेटी बनने से पहले ही टेंडरों पर रोक लगा दी गई है।

### सरकार पर कर्ज का बोझ 5.30 लाख करोड़ पार

राजस्थान सरकार पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। राजस्थान सरकार पर करीब 5.30 लाख करोड़ का कर्ज है। कर्ज के बढ़ते बोझ के बीच चुनावों से छह महीने पहले शुरू की गई लोकलुभावन योजनाओं पर भी भारी पैसा खर्च हुआ है। अब नई सरकार के सामने पैसे का इंतजाम करना और खर्चीली लोकलुभावन योजनाओं को जारी रखना सबसे बड़ी चुनौती है। सरकार अब गैर जरूरी खर्चों पर कंट्रोल करने की कोशिश कर रही है। इसके लिए अलग से सर्कुलर निकालने की तैयारी हो रही है।

# भागवत कथा में सुनाई महारास और रुक्मिणी मंगल की कथा



जयपुर. शाबाश इंडिया

जवाहर नगर सेक्टर-2 स्थित गीता मंदिर में बीते छह दिनों से चल रही श्रीमद् भागवत कथा में शुक्रवार को कथा व्यास ने श्रद्धालुओं को भागवत से जुड़े कई प्रसंग सुनाकर भाव विभोर कर दिया। बाल ब्रह्मचारी प्रेमानंद महाराज ने महारास के अर्थ को समझाते हुए रुक्मिणी-कृष्ण विवाहोत्सव की महिमा का भी बखान किया। महाराज ने कहा कि कृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है। रासोत्सव के महत्व को बताते हुए उन्होंने मथुरा गमन की लीला का प्रसंग सुनाया। इस दौरान कंस उद्धार की लीला, भगवान का द्वारिका गमन, माता-पिता को बंधन मुक्त कराना और रुक्मिणी मंगल की कथा सुनाई। मुख्य यजमान पुष्पेंद्र अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल और सुभाष अग्रवाल मैडवाला परिवार सहित विवाहोत्सव को धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर रुक्मिणी एवं कृष्ण के विवाह की झांकियों को भी प्रस्तुत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे।

### आज होगा समापन

कथा का समापन शनिवार को होगा। मुकेश अग्रवाल ने बताया कि शनिवार को सुदामा चरित्र, दत्तात्रेय प्रसंग और परीक्षित उद्धार की कथा होगी। इसके बाद कथा का समापन होगा।



# जेंडर संवदेनशीलता बढ़ाने में स्थानीय मीडिया की सक्रिय भागीदारी जरूरी



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** यूनिसेफ राजस्थान व जतन संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तर पर जेंडर से जुडी अवधारणाओं को लेकर एस.आर. रेस्टोरेंट शोभागपुरा उदयपुर में मीडियाकर्मियों के साथ साझा समझ विकसित बनाने के प्रयोजन से शुक्रवार को कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें मुख्य व्यक्ता जेंडर व मीडिया पर तीन दशक से कार्य कर रहे लखनऊ से आये नासरुद्दीन हैदर खान थे।इस अवसर पर कम्युनिकेशन स्पेशलिस्ट यूनिसेफ राजस्थान से अंकुश सिंह द्वारा मिडिया कार्मियों को कार्यक्रम की रूपरेखा व उद्देश्य बताए। व्यवहार परिवर्तन विषय विशेषज्ञ मंजरी पन्त ने ब्रेकिंग द कल्चर ऑफ साइलेंस पर अपनी बात रखते हुए कहा कि महिलाओं व किशोरियों से जुड़े जेंडर भेदभाव से जुड़े केस लगातार बढ़ रहे है, इन घटनाओं को अनदेखा कर आगे बढ़ने की बजाय आवाज उठाना बहुत जरुरी है। बाद में नासरुद्दीन हैदर खान द्वारा संभागियों को पीपीटी के माध्यम से उनके समाचारों में ''महिलाओं से जुडी शब्दावली'' को कैसे प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मिडिया में प्रस्तुत किया जाए इस पर बात की। उन्होंने संभागियों को सकारात्मक शब्दावली का प्रयोग बढ़ाने व जेंडर न्यूट्रल रूप से खबरों को प्रकाशित करने के लिए मिडियापर्सन को भी प्रेरित किया। अंत में जतन संस्थान निदेशक डॉ. कैलाश बृजवासी ने उपस्थित संभागियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए गोगुन्दा में संचालित सहयोगी परियोजना के तहत किशोरों के बदलाव की बातें प्रस्तुत किया। मीडिया में जेंडर समता समानता से जुडी पॉजिटिव खबरों को प्रमुख स्थान देने देने हेतु आग्रह किया। रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'



# आचार्यश्री प्रसन्न सागर जी महाराज के सान्निध्य में ऊदगाव में कार्यक्रमों का शानदार आगाज हुआ

## गाजे-बाजे के साथ निकाले गये जुलुस



**औरंगाबाद. शाबाश इंडिया**

महोत्सव, धूमधाम के साथ प्रारंभ हुआ। महोत्सव में दिव्य मंत्रों के साथ उत्कृष्ट सिंहनिष्क्रीडित व्रतकर्ता-साधना महोदधि आचार्यश्री 108 गुरूवर्य प्रसन्न सागर जी महाराज के सान्निध्य में सभी कार्यक्रमों का शानदार आगाज हुआ। गाजे बाजे के साथ निकाले गये जुलुस ने नगर भ्रमण कर महोत्सव की धमक से पूरे उदगांव को झंकृत कर दिया। घर-घर में महोत्सव की धूम रही। यह महोत्सव उदगांव की इस पावन धरा पर नया इतिहास बना रहा है। जिसके साक्षी यहां मौजूद हजारों भक्त के साथ इस धरती का कण-कण बन रहा है। श्री ब्रहम्नाथ पुरातन दिगंबर जैन मंदिर टस्ट कुंजवन उदगांव में आदि-सन्मति तीर्थ धाम में कुंजवन महोत्सव मनाया जा रहा है। 22 दिसंबर को भगवान मेला, आनंद महोत्सव का आयोजन किया गया है। इसमें सुबह 7 बजे आचार्य श्री को निमंत्रण, गुरूवर्य की आज्ञा उपलब्ध होने पर मंदिर जी से श्रीजी की मूर्ति को रथ में विराजमान करने के साथ ही जुलूस के रूप में भ्रमण कराया गया। गाजे बाजे के साथ निकाले गये जुलुस में उत्साह उमंग से लबरेज भक्तों का सेलाब उमड़ता रहा। जुलुस में 108 सौभाग्यवती महिलाएं एवं 56 कुमारिकांए की मंगलकुंभ घटयात्रा अपने पवित्र पावन परिधानों के साथ अनोखी आभा से जनमानस को पावनता के अहसास से सराबोर करती रही। जुलुस के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से पूर्व मंत्रोच्चारण के साथ ही धार्मिक कियाओं के द्वारा मंडप का उद्घाटनवेदी शुद्धि कर मंडप में भगवान को विराजमान किया गया। यहां अलोकिक दिव्य मंत्रों के साथ गुरूवर्य के सान्निध्य में श्रीजी का अभिषेक किया गया। अभिषेक के दौरान जनसमुदय करतल ध्वनि के साथ अपने हर्ष को व्यक्त करता रहा। कहते हैं कि प्रभु अभिषेका करने वाले और देखने वाले भक्तों की कर्म निर्जरा स्वतः ही होना, शुरू हो जाती है, अभिषेक को भव्यता भक्तों के भावों में होती है। जैसे भाव वैसा ही प्रताप उनके जीवन में उदय होता है। प्रभु अभिषेक के साथ ही शांतिधारा और पूजा होती रही। किसी भी कार्यक्रम के लिए ध्वजारोहण आवश्यक किया है। साढ़े नो बजे श्रेष्ठीजनों द्वारा आचार्य श्री के सान्निध्य में पवित्रमंत्रों के उच्चारण के साथ ध्वजारोहण किया गया। इस मौके उत्कृष्ट सिंहनिष्क्रीडित व्रतकर्ता-साधना महोदधि आचार्यश्री 108 गुरूवर्य प्रसन्न सागर जी महाराज ने अपने मंगल उदबोधन में, भक्तों को भक्ति का अर्थ और इस मौके पर आयोजित कार्यक्रमों के प्रति भावों की निर्मलता के लाभ बताने के साथ ही मानव जीवन की अलोकिकता से अवगत कराया।

# महिला चिकित्सक ने स्ट्रेन्थलिफ्टिंग इन्क्लाइन बैच प्रेस प्रतियोगिता में रजत पदक जीते

**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**




नसीराबाद। नसीराबाद चिकित्सालय में कार्यरत महिला चिकित्सक डॉ सुरभि वशिष्ठ ने 18 से 21 दिसंबर तक तेलंगाना हैदराबाद के लाल बहादुर स्टेडियम में आयोजित दसवीं अंतरराष्ट्रीय स्ट्रेन्थलिफ्टिंग इन्क्लाइन बैंच प्रेस प्रतियोगिता में रजत पदक जीत कर भारत का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया। सुरभि वशिष्ठ ने बेंच प्रेस में 65 किलोग्राम एवं हेक लिफ्ट में कुल 147.5 किलोग्राम वजन उठाकर दो रजत पदक जीते। इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के 13 देशों के 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया।



## वेद ज्ञान

# मानसिक व्यायाम आवश्यक

व्यायाम के बगैर शरीर पुष्ट नहीं होता। ठीक उसी तरह मन के कार्यों को उचित तरह से संपन्न करने के लिए कुछ न कुछ मानसिक व्यायाम भी आवश्यक हैं। जिस मानव में दानव सरीखी शारीरिक शक्ति हो और उसके मन का स्वरूप विकसित न हो तो उसे पूर्ण मनुष्य नहीं कहा जा सकता। क्या आपके मन में नकारात्मक और अशालीन विचार उत्पन्न होते हैं? ऐसे विचारों को दूर करने के लिए अंतः करण शुद्ध करें। मन का एक दोष उसका अत्यधिक चंचल होना है। रंग बिरंगी तितली की भांति उसका एक फूल से दूसरे फूल तक मंडराना गलत है। कोई तत्व, विशेष विचार या भावना को ले लीजिए वह विचार या भावना भले ही शुष्क क्यों न हो, उस पर मन की समग्र वृत्तियों को एकाग्र कर दें। मन कुछ समय उपरांत भागेगा, आप संयम द्वारा उसे बांधे रहिए। विचलित न होइए। इस क्रिया को विभिन्न वस्तुओं, विचारों और भावनाओं के संदर्भ में लागू करने पर मन में स्थिरता व दृढ़ता आती है। मनन ही मन का सर्वश्रेष्ठ व्यायाम है। आप जिस बात को लें, उसी में कुछ समय के लिए जुट जाएं। आप सारे दिन किस प्रकार के विचारों का चिंतन करते हैं? किन-किन विभिन्न वृत्तियों व भावनाओं में दिन गुजारते हैं? अपने मन के दृष्टा बनकर पूर्ण परीक्षा करें। इस संदर्भ में महत्वपूर्ण बात यह है कि मन में शुभ विचारों के उत्पन्न होने पर द्वेष, घृणा, ईर्ष्या आदि नकारात्मक विचार उत्पन्न ही नहीं होते। जो मनुष्य अपने मन में नकारात्मक विचारों को स्थान देता है, उसके व्यक्तित्व में भी नकारात्मक बातों का समावेश हो जाता है। मन को निरोग बनाने के लिए ईश्वर पर आस्था रखें और सकारात्मक विचारों को मन में स्थान दें। इस बात को महसूस करें कि आपके मन का प्रत्येक अणु ईश्वरीय तत्व से अनुप्राणित है। अंतर्मन में ईश्वर की अनुभूति करें। सच तो यह है कि मन को एकाग्र किए बगैर किसी प्रकार का अभ्यास उत्तम विधान से संपन्न नहीं होता। अध्ययन, मनन या साधना के समय अगर मन को दृढ़ता से एकाग्र न किया जाए तो उसका फल प्राप्त ही नहीं होता।

## संपादकीय

# ट्रंप के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव लड़ना हो सकता है मुश्किल

व्हाइट हाउस की दौड़ के लिए चुनाव अभियान में जुटे अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को झटका लगा है। कोलोराडो प्रांत की प्रमुख अदालत ने कैपिटल हिंसा मामले में ट्रंप को राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य करार दिया। उन्हें इसके लिए राज्य के प्राथमिक मतदान से हटा दिया है। इस फैसले से ट्रंप के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव लड़ना मुश्किल हो सकता है। अमेरिका के इतिहास में पहली बार है कि अदालत ने 14वें संविधान संशोधन की धारा तीन का इस्तेमाल राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को अयोग्य ठहराने के लिए किया है। 14वां संशोधन अमेरिका में हुए गृह युद्ध के बाद इसलिए लागू किया गया था, ताकि कनफेडरेट्स कहे जाने वाले बागियों को सत्ता में लौटने से रोका जा सके। इस नियम के तहत ऐसे किसी भी व्यक्ति को चुनाव लड़ने से रोका जा सकता है जो संविधान की शपथ लेने के बाद बगावत का किसी तरह से समर्थन करता है या उसमें शामिल होता है। कोलोराडो की अदालत ने



तीन के मुकाबले चार की बहुमत से जिला अदालत के निर्णय को पलट दिया, जिसमें निचली अदालत ने कहा था कि ट्रंप ने छह जनवरी 2021 को कैपिटल (अमेरिकी संसद) पर हुए हमले के लिए भीड़ को हिंसा के लिए उकसाया था, लेकिन उन्हें राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने से नहीं रोका जा सकता क्योंकि यह स्पष्ट नहीं है कि संविधान की धारा में राष्ट्रपति पद के लिए प्रावधान हैं। ताजा फैसला सिर्फ कोलोराडो राज्य में प्रभावी है, लेकिन माना जा रहा है कि अमेरिका के दूसरे राज्यों में निश्चित रूप से इसका असर पड़ेगा। इससे आगे के लिए ट्रंप को परेशानी हो सकती है। जिस अदालत ने ट्रंप के खिलाफ फैसला दिया है, उसके सभी न्यायाधीश डेमोक्रेटिक पार्टी के गवर्नरों द्वारा नियुक्त किए गए थे। धारा तीन के तहत पहले भी कुछ मामले दायर हुए हैं, लेकिन यह पहली बार है कि मुकदमा दर्ज करने वालों को कामयाबी मिली है। इससे पहले मिनेसोटा में दायर ऐसे ही एक मामले में पिछले महीने धारा तीन को खारिज करते हुए अदालत ने याचिकाकर्ताओं को आम चुनाव में दोबारा इस तरह की याचिका ला सकने का विकल्प दिया था। कोलोराडो के ताजा फैसले के बाद अब अमेरिका की सर्वोच्च अदालत के लिए भी यह तय करना आसान नहीं होगा कि ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से नामांकन की दौड़ में बने रह सकते हैं या नहीं। ट्रंप अमेरिका की शीर्ष अदालत में फैसले को चुनौती दे सकते हैं, लेकिन चुनाव में उनका नुकसान तो हो ही गया है। वर्ष 2020 में जब राष्ट्रपति चुनाव हुए थे तो कोलोराडो प्रांत में ट्रंप की 13 फीसद मतों से हार हुई थी। इसके बावजूद वे जीत गए थे। अब उनकी पार्टी अदालत के ताजा फैसले के निहितार्थों को लेकर चिंतित है। पूरे देश की कई अदालतों में उनके खिलाफ 14वें संविधान संशोधन की धारा तीन के तहत मुकदमे दर्ज हैं। उनके खिलाफ गोपनीय दस्तावेजों को निजी आवास पर ले जाने के आरोप में भी मुकदमा चल रहा है। ऐसे में ट्रंप के लिए ताजा फैसला परेशान करने वाला माना जा रहा है। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# आयोग की निष्पक्षता

चुनाव कराने के तरीके को लेकर विपक्षी इंडिया गठबंधन ने आयोग को कुछ सुझाव भेजे हैं। सुझाव की शक्ल में हैं सवाल। दिल्ली में अपनी चौथी बैठक में विपक्षी गठबंधन ने प्रस्ताव पारित कर चुनाव आयोग से मांग की है कि मतपत्रों के जरिए चुनाव कराए जाएं और अगर ऐसा नहीं हो सकता को मतदाता सत्यापित पर्चियों (वीवीपीएटी) की सौ फीसद गिनती की जाए। विपक्ष का सुझाव है कि मतदान के दौरान पर्ची को बाक्स में डालने की जगह इसे मतदाता को सौंपा जाए और वह अपनी पसंद को सत्यापित करने के बाद इसे मतपेटी में डाल देगा। विपक्षी नेताओं का दावा है कि चुनाव आयोग ने ज्ञापन का जवाब नहीं दिया है। दरअसल, हाल में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद मध्य प्रदेश के नतीजों को लेकर सवाल उठे। कहा गया कि नतीजा पूर्व सर्वेक्षण के जरिए वहां के परिणाम के बारे में पहले से माहौल बनाने की कोशिश की गई। यह गंभीर बात है। ऐसी बातों का सीधा संबंध भारतीय लोकतंत्र की साख से होता है। लोकतंत्र का अनिवार्य तत्व है कि चुनाव में सभी सहभागी पक्षों का यकीन बना रहे। तभी राजनीतिक दल अपनी हार को सहजता से स्वीकार कर पाएंगे। ईवीएम की बनावट और संचालन को लेकर अरसे से सवाल उठते रहे हैं। राजनीतिक दल ही नहीं, कई स्तर पर विशेषज्ञ और पेशेवर भी संदेह जताते रहे हैं। चुनाव आयोग ऐसे दावों का खंडन करता आ रहा है। वर्ष 1998 में दिल्ली, राजस्थान और मध्य प्रदेश के विधानसभा की कुछ सीटों पर ईवीएम का इस्तेमाल हुआ था। लेकिन वर्ष 2004 के आम चुनाव में पहली बार हर संसदीय क्षेत्र में ईवीएम का पूरी तरह से इस्तेमाल हुआ। 2009 के चुनावी नतीजों के बाद इसमें गड़बड़ी का आरोप भाजपा ने लगाया। विदेशों की बात करें तो दुनिया के 31 देशों में ईवीएम का इस्तेमाल हुआ, लेकिन अधिकतर देशों ने इसमें गड़बड़ी की शिकायत के बाद मतपत्र की विधि अपना ली। अमेरिका, इंग्लैंड और जर्मनी जैसे विकसित देशों ने ईवीएम को नकार ही दिया। वहां चुनाव मतपत्रों के द्वारा ही कराए जाते हैं। इन तथ्यों के बरअक्स यह सवाल बार-बार उठता है कि क्या भारत में मतपत्रों की वापसी संभव है। चुनाव आयोग कई बार कह चुका है कि तकनीक के मौजूदा दौर में अतीत की ओर लौटना उचित नहीं होगा। जाहिर है, वैकल्पिक उपाय सोचने होंगे। विपक्ष ने ईवीएम और पर्चियों की गणना साथ-साथ कराने का सुझाव दिया है। कहा जा रहा है कि ऐसा करने से भविष्य में कोई दल सत्तारूढ़ दल पर चुनावों में धांधली को लेकर सवाल नहीं उठा पाएगा। चुनाव लोकतंत्र की नींव होते हैं। किसी देश का भविष्य चुनाव में जीतने वाले दल के हाथ में होता है। चाहे उसे कुल मतदाताओं के एक तिहाई ही मत क्यों न मिले हों, पर उसकी नीतियों का असर सौ फीसद मतदाताओं और उनके परिवारों पर पड़ता है। इसलिए चुनाव आयोग का हर काम निष्पक्ष और पारदर्शी होना चाहिए। चुनाव आयोग की यह छवि धूमिल न हो, यह देखना सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष का भी काम है। एक स्वस्थ लोकतंत्र में होने वाली सबसे बड़ी प्रतियोगिता चुनाव है। उसके आयोजक यानी चुनाव आयोग से निष्पक्षता की अपेक्षा स्वाभाविक है। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है, इसकी शुचिता बनी रहनी चाहिए।

## उड़ान स्कूल के बच्चों को स्वेटर वितरित

रोहित जैन. शाबाश इंडिया



नसीराबाद। दिगंबर जैन महिला महासमिति द्वारा छावनी परिषद की ओर से हनुमान चौक पर संचालित उड़ान स्कूल में अध्यनरत विशेष बच्चों को स्वेटर, लोअर, जुते व मौजे आदि वितरित किए गए। उड़ान स्कूल में आयोजित सादे समारोह में छावनी परिषद के मुख्य अधिशाषी अधिकारी डॉक्टर नीतिश गुप्ता ने बच्चों को उक्त सामग्री वितरित की। इस अवसर पर वैरिड बोर्ड सदस्य सुशील कुमार गदिया, महिला महासमिति अध्यक्ष कमलेश अजमेरा, सचिव शिप्रा पाटनी, कोषाध्यक्ष संगीता पाटनी सहित अन्य महिलाएं एवं छावनी परिषद के जल एवं विद्युत फोरमैन सतीश कुमार, उड़ान स्कूल के प्रिंसिपल डॉक्टर रवि पथरिया, स्पीच थैरेपिस्ट भारती नागवान सहित बच्चों के अभिभावक आदि उपस्थित थे।

## झीलों की नगरी में लेण्डमार्क बनेगा विदेशी तकनीक आधारित डोम "कलिस्टो रेस्टोरेंट"

उदयपुर. शाबाश इंडिया

विदेशी तकनीक पर बने अनोखे रेस्टोरेंट की तकनीक एवं स्ट्रक्चर को अब कलिस्टो रेस्टोरेंट के रूप में उदयपुर में लाया जाएगा। बिल्डर और ग्रेनाइट निर्यात के साथ फूड इन्डस्ट्रीज में पदार्पण करने वाले राजेश शर्मा एवं दक्ष शर्मा की सोच थी कि पर्यटन नगरी उदयपुर में देशी व विदेशी पर्यटकों के लिये ऐक ऐसा मल्टी कुजिन रेस्टोरेंट लाया जाए जिसका परिदृश्य शानदार हो साथ ही लजीज व्यंजन और भरपूर मनोरंजन भी हो। इसी सोच के साथ राजेश शर्मा ने प्रोजेक्ट आर्किटेक्ट प्रियंका अर्जुन के साथ मिलकर शहर में ''बकमिनस्टर फूलर डोम तकनीक'' को उदयपुर में लाकर एक अभिभूत करने वाले रेस्टोरेंट बनाने का सपना साकार किया। उन्होंने दावा किया कि यह डोम तकनीकी आने वाले समय में शहर में लेण्डमार्क बनेगी। शुक्रवार को प्रेसवार्ता में राजेश शर्मा ने बताया कि लजीज खाने के शौकीन लोगों के लिए सेलिब्रेशन मॉल के पीछे बनाए डोम को इस प्रकार से डिजाईन किया गया है कि इसमें बैठकर खाने वालों को एक अलग अनुभव हो, भोजन और पेय पदार्थों पर प्रकाश डालने के लिए, कैलिस्टो में हमने समकालीन आधुनिकता का सजगतापूर्वक चयनित खुराक के साथ शांति का एक मरूद्यान बनाया है। उपरोक्त दर्शन को ध्यान में रखते हुए हमने वो मेनू डिजाइन किया है जिसमें दुनिया भर के क्लासिक स्वादों को बोल्ड और आधुनिक अवतार में पेश किया जा सके। उन्होंने बताया कि ऐसी तकनीक और कल्चर आमतौर पर विदेश में देखने को मिलते हैं। यहाँ पर इस तकनीक को फूड के साथ जोड कर कलिस्टो रेस्टोरेंट को एक नया लुक देने का प्रयास किया गया है। इसके लिए विशेष महारत हासिल शेफ की टीम को बाहर से बुलाया गया है जो विशिष्ट लजीज व्यंजन बनाकर हर आगंतुक को दोबारा आने पर विवश करेंगे। दक्ष शर्मा ने बताया कि विदेशों के कल्चर का अनुभव उदयपुर में देखने को मिलेगा। जिसे डायनिंग एक्सीपिरियेंस कहते है। इस प्रोजेक्ट में इंजिनयिरिंग का कमाल देखने को मिलेगा। डोम में डी. जी. यू. ग्लास व टेंन्साईल फैब्रिक का उपयोग किया गया है। यह तकनीकी रूप से बहुत सुदृढ़ प्रणाली है। इस अंतरराष्ट्रीय तकनीक को पहली बार उदयपुर में लाया गया है। कलिस्टो रेस्टोरेंट उदयपुर की स्काईलाईन का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा बनेगा। आने वाले समय में यह रेस्तराँ 'उदयपुर' को नयी पहचान देगा।




रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'

## मंगलवार को दोपहर 12:00 से निकलेगी जैन समाज की वार्षिक रथ यात्रा

### लगातार 60 वर्षों से होता आ रहा है यह आयोजन



**अम्बाह. शाबाश इंडिया।** जैन समाज अंबाह की वार्षिक रथयात्रा इस वर्ष 26 दिसंबर 2023 दिन मंगलवार को जैन संत विगुण सागर जी महाराज के सानिध्य में दोपहर 12:00 से निकाली जाएगी। जानकारी रहे की जैन समाज अंबाह लगभग 6 दशक से प्राचीन परंपरागत अपना वार्षिक रथयात्रा महोत्सव अगहन मास की पूर्णिमा को निकालता आ रहा हैं लगभग एक दशक पहले तक इस रथ यात्रा महोत्सव को तीन दिवस तक मनाया जाता था वही तीन दिवस तक रात्रि काल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता था किंतु अब धीरे-धीरे यह आयोजन मात्र एक दिवसीय रह गया है। इस वर्ष भी मंगलवार को दोपहर 12:00 से छोटे जैन मंदिर से यह रथयात्रा श्री जी को रथ में विराजमान3 कर निकाली जाएगी। यात्रा पुरानी गली जयश्वर महादेव रोड होते हुये गंज मार्केट संपूर्ण बाजार का भ्रमण कर श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन बड़े मंदिर में पहुंचेगी जहां पर भगवान के अभिषेक एवं पूजन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। जैन समाज के अध्यक्ष जिनेश जैन ने सामाजिक बंधुओं से रथ यात्रा में शामिल होने की अपील की है। रथयात्रा महोत्सव को लेकर जैन समाज के लोगों में विशेष उत्साह है। जिसे लेकर इसकी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।




# अंतरराष्ट्रीय जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन : इंदौर में 24 दिसंबर, रविवार को

**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन इंदौर में दिनांक 24 दिसंबर, रविवार को स्थानीय पुखराज पैलेस फूटी कोठी में आयोजित होने जा रहा है। जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन भारतवर्ष में दिगम्बर जैन समाज की सर्वाधिक सक्रिय संगठन है जिसकी 350 से अधिक शाखाएं 13 राज्यो के माध्यम से संपूर्ण देश में फैली हुई हैं इसकी 5 अंतरराष्ट्रीय शाखाए भी है, इनके माध्यम से इस परिचय सम्मेलन के लिए, USA, ऑस्ट्रेलिया, दुबई, इंग्लैंड सहित राजस्थान, गुवाहाटी, छत्तीसगढ़, गुजरात, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र , कर्नाटक, आन्ध्रदेश, उत्तरप्रदेश सहित 13 राज्यो में करीब 150 से ज्यादा, संयोजक नियुक्त किए गए हैं। अभी तक देश-विदेश से करीब 1200 प्रविष्टियां आ चुकी हैं और संपूर्ण प्रदेशों से अप्रवासी भारतीय, एवं उच्च शिक्षित, प्रोफेशनल्स, डॉक्टर्स, चार्टेड एकाउंटेंट्स, इंडस्ट्रियलिस्ट, व्यवसायी एवम अन्य प्रोफेशनल्स प्रत्याशी अपने-अपने माता-पिता के साथ इस आयोजन में शिरकत करने पधार रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस परिचय सम्मेलन के लिए कार्यक्रम स्थल पुखराज पैलेस फूटी कोठी को पूर्णतः हाइटेक बनाया जा रहा है, जिसमे



सुरक्षा, सीसीटीवी और आयोजन स्थल पर खान -पान के साथ ही कुंडली मिलान व समन्वय कक्ष आदि की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही सभी प्रत्याशियों की प्रविष्टियां रंगीन फोटो सहित स्मारिका जिसके मुख्य संपादक कीर्ति जी पांड्या है , द्वारा प्रकाशित की जा रही हैं ,जिसका वितरण सभी प्रत्याशियों/उनके अभिभावक को किया जाएगा, जिसके माध्यम से सम्मेलन के पश्चात, योग्य प्रत्याशियों के परिवारजन आपस में संपर्क स्थापित कर सकें। अंतरराष्ट्रीय परिचय सम्मेलन में संपूर्ण जैन समाज की उपजातियां के अविवाहित बालक बालिकाओं के लिए योग्य प्रत्याशी चयन हेतु अवसर उपलब्ध होंगे।

# रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 की प्रथम कॉन्फ्रेंस 20-21 जनवरी को

## बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल, अभिनेता अनू कपूर होंगे शामिल

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रोटरी प्रांत 3056 की प्रथम कॉन्फ्रेंस नव निर्मित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 20-21 जनवरी को होगी। कॉन्फ्रेंस चेयरमैन रोटेरियन सुधीर जैन गोधा ने बताया की कॉन्फ्रेंस को लेकर सदस्यों में बहुत उत्साह है एवं पूरे राजस्थान से 650 सदस्यों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवा लिया है। डिस्ट्रिक गवर्नर निर्मल कुनावत ने बताया की कॉन्फ्रेंस को बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल,अभिनेता अनू कपूर,मैनेजमेंट गुरु एन रघु रमन,डॉक्टर राजीव पुरी,चाणक्य सीरियल फेम चंदर प्रकाश दिवेदी,9 वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर मोटिवेशनल स्पीकर सौरभ जैन संबोधित करेंगे। सदस्यों के मनोरंजन व ज्ञान वर्धन के लिए कई प्रोग्राम तैयार किए जा रहे हैं। कॉन्फ्रेंस सचिव सीए मनोज जैन व को चेयरमैन दिनेश बज ने बताया कि शाम को सदस्यों के मनोरंजन के लिए मुंबई के प्रसिद्ध सिंगर संपदा गोस्वामी, राजेश अय्यर,सर्वेश मिश्र दिल्ली के डोरे मि बैंड की धुनों पर अपनी संगीतमय प्रस्तुति देंगे। कांफ्रेंस के हर सेशन के बाद क्विज प्रतियोगिता का आयोजन होगा। रजिस्ट्रेशन चेयरमैन मोहित अग्रवाल ने बताया कि सभी सदस्यों को आयोजक रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन द्वारा आकर्षक किट भी प्रदान किया जाएगा।

# ज्ञानतीर्थ पर "एक शाम गुरुवर के नाम" 31 को

## नववर्ष आगमन पर होगी गुरुभक्ति

**मनोज नायक. शाबाश इंडिया**

मुरेना। ज्ञानतीर्थ में नववर्ष के आगमन पर एक शाम गुरुवर के नाम जैन भजनों पर भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन 31 दिसंबर को रखा गया है। ज्ञानतीर्थ पर विराजमान ब्रह्मचारिणी बहिन अनीता दीदी द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नव वर्ष के आगमन पर जैन भजन संध्या का आयोजन ज्ञानतीर्थ जैन मंदिर में परम पूज्य सराकोद्धारक षष्ठ पट्टाचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के चरणों में रखा गया है। परम पूज्य गुरुदेव सप्तम पट्टाचार्य श्री ज्ञेयसागर जी महाराज के ससंघ पावन सान्निध्य में 31 दिसंबर को रात्रि 09 बजे से रात्रि 12 बजे तक गुरु चरणों में गुरु भक्ति की जायेगी। जैन भजनों पर संगीतमय माहोल में गुरुभक्त जिनेंद्र प्रभु की भक्ति में लीन रहेंगे। जैसे ही नववर्ष का आगमन होगा सभी भक्तगण पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री ज्ञेयसागर महाराज, मुनिश्री ज्ञातसागर महाराज, मुनिश्री नियोग सागर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। ब्रह्मचारिणी बहिन ललिता दीदी ने बताया कि एक शाम गुरुवर के नाम कार्यक्रम से पूर्व शाम 7 बजे ज्ञानतीर्थ पर महा मंगल आरती की जायेगी। साथ ही छोटे बच्चों की फैंसी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जायेगा। आयोजन में सम्मिलित होने के लिए ज्ञानतीर्थ आवागमन हेतु बड़े जैन मंदिर मुरेना से वाहन व्यवस्था उपलब्ध रहेगी।





# 301 यात्रियों का दल करेगा पांच दिवसीय सम्मेद शिखर जी यात्रा

## हावड़ा एक्सप्रेस से 27 दिसम्बर को रवाना होगा दल

**अमन जैन कोटखावदा. शाबाश इंडिया**

जयपुर। श्री वात्सल्य सम्मेद शिखर जी यात्रा संघ जयपुर के तत्वावधान में जयपुर के प्रतापनगर से 301 यात्रियों का दल पांच दिवसीय शाश्वत तीर्थराज श्री सम्मेद शिखर जी की धार्मिक यात्रा पर बुधवार, 27 दिसम्बर को रवाना होगा। जो शनिवार, 30 दिसम्बर को सम्मेद शिखर जी से वापस रवाना होकर रविवार 31 दिसम्बर को रात्री में जयपुर लौटेगा। श्री वात्सल्य शिखर यात्रा संघ सदस्यों ने बताया कि उपाध्याय उर्जयन्त सागर महाराज के आशीर्वाद से आयोजित इस यात्रा में शामिल होने वाले यात्री मंगलवार 26 दिसम्बर को रात्री 12 बजे बसों द्वारा प्रतापनगर से रवाना होकर जयपुर जंक्शन पहुंचेंगे। यात्रा दल यात्रा बुधवार, 27 दिसम्बर को प्रातः 4.30 बजे जोधपुर हावड़ा ट्रेन द्वारा रवाना होगा। इस मौके पर आयोजित होने वाले



रवानगी समारोह में समाज के गणमान्य श्रेष्ठीजन सभी यात्रियों को तिलक माल्यार्पण कर विदाई देते हुए ट्रेन को जैन ध्वज दिखाकर रवाना करेंगे। अमन जैन कोटखावदा के मुताबिक यात्रा दल गुरुवार, 28 दिसम्बर को पारसनाथ स्टेशन पहुंचेगा जहां से बसों द्वारा मधुबन पहुंचेगा। सभी यात्री शुक्रवार 29 दिसम्बर को सामूहिक रूप से पर्वत वन्दना करेगें। इस मौके पर पुरुष वर्ग सफेद वस्त्र एवं महिलाऐं केसरिया साडी पहनकर चलेगी। शनिवार, 30 दिसम्बर को तलहटी स्थित मंदिरों के सामूहिक दर्शन एवं जिनेन्द्र भक्ति पूजा अर्चना करेगें। इस मौके पर सम्मेद शिखर जी में प्रवासरत आचार्यों, मुनिराजों एवं आर्यिका माताजी के दर्शन लाभ प्राप्त कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

# तीन दिवसीय धार्मिक यात्रा दल की रवानगी आज

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मानव एवं समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के बैनर तले तीन दिवसीय धार्मिक यात्रा दल शनिवार को रवाना होगा। ग्रुप के अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया एवं सचिव आशीष जैन ने बताया कि प्रतापनगर के हल्दीघाटी गेट से प्रातः 7.00 बजे बसों द्वारा दल को संस्थापक अध्यक्ष विनोद-दीपिका जैन कोटखावदा एवं समाज के गणमान्य श्रेष्ठीजन जैन ध्वज दिखाकर रवाना करेंगे। श्री जैन के मुताबिक यात्रा दल के लिए मुकेश - शिल्पा पाटनी, नरेश-नीतू बाकलीवाल, सुशील - कविता जैन को संयोजक एवं नितेश - मीनू जैन, पवन - निशु जैन को सहसंयोजक बनाया गया है। श्री जैन के मुताबिक यात्रा दल जयपुर से अतिशय क्षेत्र रानीला के दर्शन लाभ प्राप्त करते हुए हस्तिनापुर पहुंचकर रात्रि विश्राम करेगा। रविवार, 24 दिसम्बर को हस्तिनापुर में मंदिर दर्शन लाभ कर बडागांव त्रिलोक तीर्थ धाम पहुंचेगा जहां सायंकाल आरती का पुण्यार्जन करेगें। रात्रि विश्राम मंगलायतन क्षेत्र में होगा। सोमवार, 25 दिसम्बर को प्रातः मंगलायतन में अभिषेक, शांतिधारा एवं मंदिर दर्शन के बाद मथुरा चौरासी के दर्शन लाभ प्राप्त करते हुए अतिशय क्षेत्र तिजारा पहुचेगे जहां सायंकालीन आरती के बाद यात्रा दल जयपुर लौटेगा।

# आर्यिका विकक्षा श्री माताजी का गुन्सी से तिजारा की ओर हुआ विहार



**विमल जोला. शाबाश इंडिया**

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज सहस्त्र कूट गुन्सी के तत्वावधान मे चातुर्मास कर रहे भारत गौरव गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी संधस्थ आर्यिका विकक्षा श्री माताजी का शुक्रवार को निवाई गुन्सी से तिजारा के लिए गाजे बाजे से विहार हुआ। इस दौरान विहार से पूर्व माताजी संध ने भगवान शांतिनाथ के दर्शन किए। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि विहार से पूर्व मंगलाचरण बीना जैन ने किया। विहार कार्यक्रम में सहस्त्र कूट जिनालय अध्यक्ष अनिल जैन, बापूगांव अतिशय क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश जैन, जैन समाज के मंत्री महावीर प्रसाद पराणा, विजय गंगवाल, प्रेमचंद सांवलिया, विमल पाटनी जौंला, अशोक चंवरिया, दिनेश गंगवाल, गणेश लाल जैन सवाईमाधोपुर, ने श्री फल चडाय़ा इस दौरान माताजी का पाद प्रक्षालन कर अगुवानी की। आर्यिका विकक्षा श्री माताजी संध ने भगवान शांतिनाथ के दर्शन करके उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। जौंला ने बताया कि माताजी गुन्सी से विहार कर रामपुरा गांव पहुंचे वहां से विहार कर चाकसू बापूगांव पदमपुरा होते हुए तिजारा जाएंगे।



# उर्मिला पाटनी जयपुर ने प्राप्त किया गुरु मां से विज्ञातीर्थ कलश



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी जिला टोंक  में विराजित भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न विज्ञाश्री माताजी की मालवीय नगर समाज जयपुर व निवाई समाज को आहारचर्या करवाने का सौभाग्य प्राप्त किया। सवाईमाधोपुर समाज ने गुरु माँ का आशीर्वाद प्राप्त किया। उर्मिला पाटनी मालवीय नगर वालों को विज्ञातीर्थ लक्की ड्रा कलश प्राप्त करने का अवसर मिला। पूज्य माताजी ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि - गुरु कोई साधारण इंसान नहीं होता है। गुरु ही एक जरिया है जिसके बताये हुए पद चिन्हो पर चलने से कठिन से कठिन मुकाम को हासिल किया  जा सकता है। इसीलिए हमेशा गुरु का पूर्ण सम्मान करे। गुरु की आज्ञा का पालन करना चाहिए। एक गुरु ही हमें समाज में अपनी पहचान बनाने की शिक्षा देता है। प्राचीन समय से लेकर वर्तमान तक गुरु का स्थान सर्वोपरि रहा है। जीवन में अगर गुरु का आशीर्वाद हो तो बड़ी से बड़ी कठिनाईयों से मुकाबला किया जा सकता है। इस दुनिया में ऐसा कोई इंसान नहीं है जो बिना गुरु के सफल हुआ हो। यदि डॉक्टर, वकील, इंजीनियर,समाज सेवक, ट्रेनर, सैनिक, आदि बनाना चाहते है तो इसके लिए आपको उसी क्षेत्र के एक गुरु की आवश्यकता होती है। यही गुरु आपको सफलता के द्वार तक लेकर जाता है। इसीलिए हमेशा गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा होनी चाहिए। गुरु के बिना जीवन अपूर्ण है। आपको कोचिंग,स्कूल, कॉलेज, खेल,आदि जगह पर गुरु की आवश्यकता पड़ती है। अतः गुरु के महत्व को समझे। गुरु के सेवा करे।  भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान ईश्वर से भी ऊपर माना गया है  । गुरु शिष्य के वियोग को देखकर सभी की आंखें नम हो गई थी ।






# 22 वें तीर्थंकर भगवान नमिनाथ ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया हर्षोल्लास से



**फागी. शाबाश इंडिया**

कस्बे सहित परिक्षेत्र के चकवाडा, चौरू, नारेडा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेडा, लसाडिया एवं लदाना सहित कस्बे के आदिनाथ मंदिर, बीचला मंदिर, मुनि सुव्रतनाथ मंदिर, पार्श्वनाथ चैत्यालय, चंद्र प्रभु नसियां,चंद्रपुरी सहित सभी जिनालयों में जैन धर्म के 19वें तीर्थंकर भगवान मल्लिनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक तथा 22 वें तीर्थंकर भगवान नमिनाथ का ज्ञान कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि कार्यक्रम इससे पूर्व श्रीजी का अभिषेक महाशांतिधारा तथा अष्टद्रव्यों से पूजा-अर्चना के बाद सामूहिक रूप से जयकारों के साथ भगवान  मल्लिनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक तथा भगवान नमिनाथ का ज्ञान कल्याणक महोत्सव का अर्घ्य चढ़ाकर सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। उक्त कार्यक्रम कपूर चंद जैन मांदी, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा,फागी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान सुकुमार झंडा,रतन नला, हरकचंद पीपलू,सुरेश मांदी, महेंद्र बावड़ी, रमेश बावड़ी,महावीर प्रसाद लदाना, शिखर मोदी,मोहनलाल सिंघल,टीकम गिंदोडी, पारस मोदी, विनोद कुमार मोदी,राजकुमार मित्तल, राजकुमार मांदी, सुनील मोदी, त्रिलोक पीपलू, कमलेश चोधरी, मितेश लदाना तथा राजाबाबू गोधा सहित सभी श्रावक श्राविकाएं मोजूद थे।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com